तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 25 मई 2024



11 सुबह चिलचिलाती धूप, शाम को आंधी-बारिश मौसम में ...



12 विद्यार्थीकाल का समय जीवन की आधारशिला






**खबर संक्षेप**



## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डिजिटल एक्सरे की सुविधा शुरू

**गुरूर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डिजिटल एक्सरे मशीन की सेवाएं शुरू की गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जीआर रावटे द्वारा स्टॉफ की उपस्थिति में शुभारंभ के अवसर पर एक्सरे मशीन को स्टाल किया। अब सीएचसी गुरूर में भी डिजिटल एक्सरे मशीन की सुविधा मरीजों को मिलेगी। इस मशीन के आने से मरीज को रिपोर्ट का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। गुणवत्ता पूर्ण परिणाम व डॉक्टर को बीमारी का निदान करने में सुविधा मिलेगी। साथ ही मरीजों को आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर कमलेश्वरी रोही, एक्सरे तकनीशियन मिथलेश कुमार साहू, लक्ष्मीकांत साहू, कामिन यादव, प्रशांत ठाकुर एवं स्टॉफ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## बंगाल की सीएम का बयान ओबीसी विरोधीः जायसवाल

**डौंडीलोहारा।** भाजपा नेता व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल ने कलकत्ता



हाईकोर्ट द्वारा तमाम घुसपैठियों को 2010 से जारी किए गए ओबीसी प्रमाण पत्र को निरस्त किये जाने के आदेश का स्वागत किया है। बंगाल की राज्य सरकार नियमों को ताक पर रख कर ओबीसी आरक्षण में डाका डालकर तुष्टिकरण कर वोट की राजनीति करने उनको फायदा पहुंचाने का कार्य किया था। अब न्यायालय के इस आदेश को नहीं मानने का वक्तव्य देकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी देश के ओबीसी विरोधी व अपमान करने वाला है। साथ ही साथ न्यायालय की भी अवमानना की है जो निंदनीय है इस वक्तव्य का मात्र भाजपा ही विरोध कर रही है। कांग्रेस व इन्डिया गठबंधन में शामिल कोई भी दल विरोध न कर चुप्पी साध रखी है जिससे तुष्टिकरण एक बहुत बड़ा धब्बा बना हुआ है।

## राज झेरिया धोबी समाज बालोद की वार्षिक महासभा 26 को

**बालोद।** राज झेरिया धोबी समाज बालोद की वार्षिक महासभा का आयोजन 26 मई को टाउन हाल मांगलिक भवन जिला अस्पताल में 10 बजे आयोजित होगी। जिसमें पदमश्री से सम्मानित रामलाल बरेठ, छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के निजी सचिव तुलसी कौशिक, छत्तीसगढ़ रजक महासंघ प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, राज अध्यक्ष भीमसेन निर्मलकर उपस्थिति रहेंगे। समाजिक विकास एवं प्रगतिशील उत्थान हेतु समाजिक गतिविधियो सामाजिक संगठन पर चर्चा की जाएगी।

## करंट से दो मवेशियों की मौत

**भिलाई।** करंट की चपेट में आने से दो मवेशी की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक पावर हाउस में बीती रात करंट लगने से दो मवेशी की मौत हो गई है। बुधवार की शाम तेज आंधी तूफान व बारिश के कारण पोल में करंट दौड़ रहा था।

### समस्या : गन्ना, आम और केला की खेती को पहुंचा रहे नुकसान

# बालोद परिक्षेत्र पहुंचा हाथी, वन विभाग ने बढ़ायी निगरानी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

बीते सोमवार से गुरुर ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र में विचरण कर रहा एक हाथी चार दिनों तक गुरुर और बालोद वन परिक्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र में विचरण कर रहा था, जो अब बालोद परिक्षेत्र में पहुंच चुका है।

■ जंगल की ओर नहीं जाने की गांवों में कोटवार से करायी जा रही मुनादी

अनुमान लगाया जा रहा है कि आगे वह दल्ली राजहरा वन परिक्षेत्र की ओर बढ़ सकता है।

बीते गुरुवार की रात में हाथी कांडे के समीप लगे जंगल से निकल कर दयानन्द साहू के गन्ना खेत में पहुंचा था, जहां पर छोटे गन्ना के पौधों को रौद कर नुकसान पहुंचाया और जब गन्ना खेत से खदेड़ कर बाहर निकाला गया, तब हाथी रातों रात ग्राम नर्रा जा पहुंचा, जहां हाथी नर्रा निवासी धर्मेंद्र मंडावी के घर से लगे बाड़ी में आराम फरमा रहा




था। इस पर वन विभाग की नजर पड़ी तो हाथी वहां से भी भाग खड़ा हुआ और जंगलों में जा छिपा है। वहीं वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हाथी लगभग 1 बजे रात तक नर्रा में था, जो सुबह होते तक रानी मां जंगल को पार कर तांदुला जलाशय के डुबान क्षेत्र में जा पहुंचा। जिसका वर्तमान लोकेशन धूमरापठार में होना बताया जा रहा है, जो रात में अपना लोकेशन बदल सकता है।

### वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत

दंतैल हाथी वनांचल से लगे जंगल में विचरण कर रहा है, जो शाम होते ही जंगल से बाहर निकलकर गांव में पहुंच रहा है, हालांकि हाथी के आने से वर्तमान समय में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन विचरण करने के दरमियान किसान के खेतों में लगे फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचा है। वहीं हाथी विचरण के दरमियान खाने के लिए आम, गन्ना और केले का उपयोग करते नजर आ रहा है।

### आमनागरिकों की सुरक्षा बड़ी जिम्मेदारी

वन विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रख कोतवाल के माध्यम से मुनियादी करवायी जा रही है और हाथी विचरण क्षेत्र में राहगीरों को आने जाने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। बावजूद इसके लोगों की लापरवाही बहुत ज्यादा देखने को मिल रही है, जिसका खामियाजा लोगों को जान गवा कर उठाना भी पड़ सकता है। वहीं वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा शाम होते ही पेट्रोलिंग वाहनों के माध्यम से निगरानी करने का काम जारी है जो हाथी विचरण क्षेत्र में पूरी रात मुस्तैद है। वर्तमान में अलर्ट ग्राम में मुल्लेगुड़ा, हर्राठेमा, मुल्ले, मालगांव, मड़वापथरा, आमाबाहरा, वनपंडेल, धोबनी, खल्लारी, हाथीगोर्रा, टेकाढोर्रा को रखा गया है।

### कार्रवाई का फिर मिला आश्वासन

# जांच टीम दोषियों को बचाने में जुटी, पालक आरोप लगाते पहुंचे कलेक्टर के पास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

स्थानीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम रमूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के पालकगण शैक्षणिक सत्र 2023–24 के वार्षिक परीक्षा परिणाम के पश्चात नियम विरूद्ध और अनुचित ढंग से पूरक परीक्षा कराने और परिणाम घोषित कर अनुत्तीर्ण करने के मामले की विधिवत जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत पत्र दिया गया था। उनके द्वारा जांच समिति का गठन कर कार्रवाई की गई। अब पालक जांच टीम पर ही दोषियों को बचाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टरेट पहुंच गए। कलेक्टरेट में पालकों एवं विद्यार्थियों की समस्या पर संज्ञान में लेते हुए जिलाधीश ने दोषियों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

■ पालक, छात्र-छात्राओं का नहीं लिया गया बयान

पालकों ने आरोप लगाया है कि पालकों और छात्र–छात्राओं से पूछताछ और बयान लिए बिना ही मामले मे संलिप्त दोषियों को बचाने की कोशिश करने हेतु खानापूर्ति करते हुए ▶▶ शेष पेज 10 पर

### न्याया की गुहार

भ्रष्टाचार और दुर्भावनापूर्ण नियम विरूद्ध किये गये कार्य से पीड़ित विद्यार्थियों के साथ–साथ उनके पालकगण भी अपने बच्चों के भविष्य को लेकर संशय की स्थिति में है। स्वामी आत्मानंद के नाम से विख्यात स्कूलों में शिक्षकों के दुर्भावनापूर्ण कार्य के विरूद्ध छात्र और उनके पालकों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को लेकर मुख्यमंत्री, राज्यपाल और शिक्षा मंत्री से शिकायत के बाद भी लगभग एक माह पूर्ण होने के उपरांत भी न्याय न मिलना जांच समिति सहित जिला शिक्षा अधिकारी की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा करता है। पालकों ने कहा यदि जल्द से जल्द न्याय नहीं मिला तो अपने बच्चों के भविष्य को लेकर न्याय की गुहार लगाते हुए सड़क की लड़ाई लड़ने को तैयार है और जरूरत पड़ी तो उक्त मामले को लेकर न्यायालय की शरण में भी जाने को तत्पर हैं।

# नदी में रेत खनन से सलौनी में गहराया पेयजल संकट

### कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम सलौनी के 100 से अधिक ग्रामीण नदी में रेत के अवैध उत्खनन को बंद कराने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने खनिज अधिकारी और अपर कलेक्टर को आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने कार्यवाही नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों ने आवेदन में कहा कि, इससे पूर्व भी ग्राम सलौनी में स्थित तांदुला नदी में रेत उत्खनन के लिए स्वीकृति अनुसार वर्ष 2023 में ठेकेदार द्वारा रेत खनन का कार्य किया जा रहा था।

इससे गांव में घटते जलस्तर को देखते हुए ग्रामीणों ने संबंधित विभाग को आवेदन दिया था, इसके बाद रेत खदान बंद की गई थी। अब एक बार फिर वही स्थिति बन रही है। उक्त स्थान पर पुनः रेत

■ विरोध में ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट और सौंपा ज्ञापन

निकालने कार्य शुरू हो चुका है और जेसीबी से खुदाई कार्य जारी है।

वैसे ही पूर्व में बड़े पैमाने पर 10 से 20 फिट रेत निकाले जाने के कारण ग्राम सलोनी में भूजल स्तर काफी गिर चुका है। यहां खेती किसानी एवं पेयजल के लिए जल श्रोत पूर्णतः नदी के नीचे संरक्षित जल पर निर्भर करता है। वर्तमान में नदी में कहीं कहीं थोड़ी बहुत रेत बची है और जिसके नीचे लाल पत्थर है। इस कारण नीचे पानी नहीं मिलता। यदि इस बचे रेत को भी निकाला जाता है, तो भविष्य में ग्राम सलोनी में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जावेगी, क्योंकि पहले से ही जल श्रोत नीचे चला गया है। ग्रामीणों ने ऐसी स्थिति निर्मित न हो इससे पहले ग्राम सलोनी में तांदुला नदी से रेत उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

इस मामले में खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू ने सलौनी में हो रहे रेत उत्खनन को लेकर कहा कि वहां रेत खदान स्वीकृत है। कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा कि, ग्रामीणों का आवेदन आया है देखते हैं आगे क्या प्रोसेस होता है।


**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


# दल्लीराजहरा और गुण्डरदेही में मेगा प्लेसमेंट कैंप 29 व 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्लीराजहरा एवं गुण्डरदेही में मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आईटीसी लिमिटेड हैदराबाद के द्वारा महिला ट्रेनी ऑपरेटर के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्लीराजहरा के प्राचार्य ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्लीराजहरा में 29 मई को सुबह 9 बजे से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आईटीसी लिमिटेड हैदराबाद के द्वारा ट्रेनी ऑपरेटर पद के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आईटीआई से किसी भी ट्रेड में उत्तीर्ण केवल महिला अभ्यर्थी ही शामिल हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि किसी ▶▶ शेष पेज 10 पर




संजीवनी
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरुकता अभियान
"It's Not Only A Camp... It's for Your Future Health"

फ्री कैंसर चेकअॅप कैम्प
दिनांक: 12 मई से 31 मई तक
समय: प्रातः 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक
संजीवनी हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)



कोलन कैंसर के हो सकते हैं ये लक्षण
- कब्ज
- आंतों से खून बहना
- पेट में दर्द
- बार-बार गैस होना
- कमजोरी लगना
- हीमोग्लोबिन कम होना
- वजन कम होना
- भूख न लगना
- स्टूल में ब्लड
- पेट साफ न होना

कोलोरेक्टल कैंसर, खासकर प्रारंभिक अवस्था में किसी विशेष लक्षण को प्रकट नहीं करता है। यदि आप लक्षणों का अनुभव करते हैं, तो इनमें शामिल हो सकते हैं -

बार बार शौचालय जाना। मल में रक्त आना। यदि अचानक ही कुछ महीनों से आपको कब्ज हो गई हो। पेट में दर्द, पेट फूला हुआ महसूस होना। उल्टी, थकावट, अत्यधिक वजन घटना। आपके पेट में या पिछले हिस्से में एक गांठ महसूस करना। रेड मीट खाना, आहार, जिसमें बहुत ज़्यादा कैलोरी हो। बहुत ज़्यादा शराब पीना। जिन महिलाओं को स्तन कैंसर, अंडाशय कैंसर या गर्भाशय कैंसर रह चुका है। कोलोरेक्टल कैंसर का पारिवारिक इतिहास, अल्सरेटिव कोलाइटिस से ग्रस्त मरीज़, मोटापा, धूम्रपान इस अध्ययन में पाया गया कि कोलोरेक्टल कैंसर और उससे होने वाली मौत के जोखिम को बढ़ाने में धूम्रपान की विशेष भूमिका है। बृहदान्त्र (colon) या मलाशय में पॉलिप्स की उपस्थिति। क्रोहन रोग या इरिटेबल बाउल डिजीज के कारण कोलोरेक्टल कैंसर विकसित होने का जोखिम बढ़ जाता है।

कोलन कैंसर का निदान या डायग्नोसिस कैसे किया जाता है?

कोलन कैंसर की जाँच के लिये कई स्क्रीनिंग प्रक्रियाएँ जैसे फ़ीकल इम्यूनोकेमिकल टेस्ट (एफआईटी), गुआएक-बेस्ड फ़ीकल ऑकल्ट ब्लड टेस्ट (जीएफओबीटी), फ़ीकल डीएनए टेस्ट, फ्लेक्सिबल सिग्मायोडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, डबल-कंट्रास्ट बेरियम एनीमा, सीटी कोलोनोग्राफी (वर्चुअल कॉलोनोस्कोपी) की जाती हैं। हालांकि, प्रत्येक प्रक्रिया के अपने विशेष लाभ और कमजोरियाँ हैं। कोलन कैंसर के सटीक निदान के लिए आपका डॉक्टर विभिन्न प्रक्रियाओं का एक साथ उपयोग कर सकता है। इसके साथ-साथ डॉक्टर ये भी सुनिश्चित करेगा कि आपको परीक्षण के समय अनावश्यक कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े। एक डॉक्टर कोलन कैंसर के डायग्नोसिस के लिए निम्न परीक्षणों का सुझाव दे सकता है:

- रक्त परीक्षण (पूर्ण रक्त गणना, ट्यूमर मार्कर और यकृत एंजाइम)
- इमेजिंग परीक्षण जैसे एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआई स्कैन, पीईटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एंजियोग्राफी
- बायोप्सी
- डायग्नोस्टिक कोलोनोस्कोपी (लक्षण दिखने के बाद ही)
- प्रोक्टोस्कोपी
- नियमित स्क्रीनिंग टेस्ट



डॉ. इप्सित इलाही दास
MBBS, MS, MCH
(Surgical Oncology)
सर्जरी के क्षेत्र में 12 वर्षों का अनुभव एवं उन्होंने विभिन्न कैंसर के उपचार में अपना कौशल और ज्ञान विकसित किया है। इन्होंने एम्स से कैंसर सर्जरी का प्रशिक्षण प्राप्त किया।



डॉ. भारत पटोडिया
MBBS, FAGE, MD
Medical Oncologist
एस्मो सर्टिफाइड, सी.ए.एस., फेफड़े का कैंसर (स्विटजरलैण्ड), सी.सी.बी., स्तन कैंसर (जर्मनी), कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, पी.आई. ऑन्कोलॉजी, एलुमनि सेंटर एवं हिन्दुजा हॉस्पीटल मुंबई

PI Cancer Care — Personalised & Innovative Cancer care — www.picancercare.com
मुम्बई व हैदराबाद के प्रसिद्ध कैंसर स्पेशलिस्ट के मार्गदर्शन में निर्धारित शेड्यूल से इलाज व डॉक्टर के द्वारा 24 घंटे शशक्त मोनिटरिंग

आयुष्मान भारत के तहत फ्री ईलाज। | हाइटेक ICU & CCU | अनुभवी मेडिकल स्टॉफ | आपातकालीन हाइटेक ट्रामा सेंटर एक्सीडेन्टल केस के लिए | एम्बुलेन्स सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध।

कैंसर का ईलाज हम हैं आपके साथ
निःशुल्क कैंसर आपरेशन, कीमोथैरेपी*
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें ☎ 07744-299988
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
82699-24365 | 88279-24365
PROVIDING AFFORDABLE CANCER CARE SERVICES
विज्ञापन कटिंग लाने पर पैथोलॉजी टेस्ट में पाएं 50% की छूट
T & C Apply*

# सरकारी सप्लाई में व्यापारियों, ठेकेदारों की टैक्स चोरी पकड़ेगा ई-कोष सॉफ्टवेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सरकारी विभागों को सामान सप्लाई करने वाले सप्लायरों, व्यापारी, ठेकेदारों और सेवा प्रदाताओं ने अगर अब जीएसटी की चोरी करने का प्रयास किया तो वे पकड़े जाएंगे। सरकार ने इस काम के लिए जीएसटी रजिस्ट्रेशन को राज्य सरकार के ई कोष सॉफ्टवेयर से जोड़ दिया है। इस साफ्टवेयर के माध्यम से अब ये पता लगाना आसान होगा कि सप्लायर, व्यापारी, ठेकेदार और सेवा प्रदाता फर्जी या निलंबित जीएसटी नंबर के आधार पर टैक्स चोरी तो नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में राज्य सरकार के वित्त विभाग ने केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 एवं छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 51 के प्रावधानों के अनुसार शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाले सामग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर प्रदायकर्ताओं को तथा ठेकेदारों को किये जाने वाले भुगतान पर स्रोत पर कर की कटौती (जीएसटी-टीडीएस) के प्रावधानों का कड़ाई से पालन निर्देश दिए गए हैं। यही नहीं अब सरकार के अधिकारियों कर्मचारियों को ई कोष से जीएसटी नंबर की जांच के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

## अब से पहले नहीं होती थी जीएसटी नंबर की जांच

### बिल का भुगतान करने के पहले ही जांच

वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी कोषालयों, उप कोषालयों, निर्माण विभागों, वन विभाग के भुगतान प्राधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा वस्तु एवं सेवा प्रदाय के भुगतान संबंधी प्रस्तुत देयकों में प्रदायकर्ताओं की जीएसटीआईएन को चिन्हांकित करने की व्यवस्था की जाए तथा देयकों के भुगतान के पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रदायकर्ता द्वारा दिया गया जीएसटीआईएन वर्तमान में सक्रिय वैध हो। बताया गया है कि यह काम कोषालय के ई कोष सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए जीएसटीएन रजिस्ट्रेशन को ई कोष के साथ इंटीग्रेट किया गया है। ये साफ्टवेयर बताएगा कि व्यापारी, सप्लायर, ठेकेदार या सेवा प्रदाता द्वारा दिया गया जीएसटी नंबर सही है या फर्जी, वर्तमान में चालू है या निलंबित।

### हर जीएसटी नंबर की जांच, रेवेन्यू लीकेज रुकेगा

इस संबंध में संचालक कोष लेखा एवं पेंशन महादेव कावरे ने बताया कि अब सप्लायरों, ठेकेदारों, व्यापारियों या सेवा प्रदाता द्वारा जो भी बिल प्रस्तुत किया जाएगा उसकी जांच संबंधित विभाग के आहरण एवं संवितरण अधिकारी करेंगे उसके बाद ही बिल आगे बढ़ पाएगा। यह सिस्टम संचालित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक तीन दिनों का ऑनलाईन प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसमें संभागीय स्तर के अधिकारियों के साथ आहरण एवं संवितरण अधिकारी शामिल हैं। श्री कावरे ने बताया कि अब जिस विभाग द्वारा भी टैक्स की कटौती की जाएगी उसकी राशि अगले माह की 10 तारीख तक जमा करनी होगी। ऐसा होने से राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व का लीकेज रुकेगा। इससे पहले होता ये था कि व्यापारी,सप्लायर, ठेकेदार जो भी जीएसटी नंबर डालते थे, उसे ही मान्य किया जाता था, उसकी जांच का कोई सिस्टम नहीं था। पर अब ऐसा नहीं होगा। हर जीएसटी नंबर की वैधता की जांच अनिवार्य रूप से की जाएगी।

### ढाई लाख से अधिक के पेमेंट पर इतना टैक्स

वित्त विभाग द्वारा समस्त विभाग अध्यक्ष राजस्व मंडल, कमिश्नरों, विभागाध्यक्षों और कलेक्टरों को इस संबंध में जारी निर्देशों में कहा गया है कि शासकीय विभाग या स्थापना, स्थानीय प्राधिकारी, शासकीय अभिकरण, शासन के किसी भी डीडीओ द्वारा (किसी कराधेय वस्तु या सेवा हेतु) रूपये 2.5 लाख से अधिक भुगतान होने पर, 2 प्रतिशत (1 प्रतिशत सीजीएसटी + 1 प्रतिशत एलजीएसटी अथवा 2 प्रतिशत आईजीएसटी की दर से स्रोत पर कटौती जीएसटी-टीडीएस किया जाना है।

## खबर संक्षेप



### नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिला नियुक्ति पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी स्थित समाज कार्यालय में गुरुवार को सर्व ब्राह्मण समाज शहर कार्यकारिणी की संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में विप्रनगर और अम्लेश्वर परिक्षेत्र के उपस्थित समाजसेवियों को शहर में कई पदों पर नियुक्त किया गया, जिसमें सचिव चंद्र कुमार शर्मा, संगठन सचिव नरेंद्र कुमार चौबे, अरविंदधर दीवान, प्रचार सचिव शिवेशधर दीवान, कैलाश कुमार, दयानंद मिश्रा, सांस्कृतिक मंच सचिव विनीत दुबे को चुना गया। इसी दौरान समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्तिपत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### तीन दिवसीय उर्स पाक 26 से

**रायपुर।** हजरत सैय्यद चांद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह तीन मजार नाके वाले बाबा का उर्स पाक 26, 27 और 28 मई को बड़े ही शानो-शौकत से मनाया जाएगा। 26 मई को शाम 4 बजे असर की नमाज के बाद आस्ताने से संदल चादर निकाली जाएगी, जो शहर का गश्त करते हुए मजार शरीफ पहुंचेगी। बाद नमाज मगरिब चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी। दुआ-खैर के बाद तबरुक तकसीम किया जाएगा। इसी दिन बाद नमाज ईशा इमरान अशरफी साहब और कारी मोहम्मद तौकीर मियां जामई और अन्य उलेमाओं की तकरीर होगी।

### घर का ठेका लेने वाले मिस्त्री ने की मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक व्यक्ति ने अपने घर में काम करने का ठेका लेने वाले मिस्त्री के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पंडरी गांधीनगर निवासी ऋषि कुमार ठाकुर ने शिव कुमार साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। ऋषि ने पुलिस को बताया कि शिव को उसने अपने मकान का नवनिर्माण करने का ठेका दिया था। आधा काम करने के बाद शिव के दो महीने काम पर नहीं आने पर ऋषि किसी दूसरे मिस्त्री को बुलाकर घर का काम कराने लगा तो इस बात से नाराज होकर शिव ने ऋषि तथा उसकी पत्नी के साथ मारपीट की।

### पारिवारिक विवाद में पत्नी और साले से मारपीट

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ पारिवारिक विवाद के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक माधुरी सोनकर ने अपने पति छगन सोनकर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। माधुरी ने पुलिस को बताया कि पति से विवाद होने के बाद वह पांच साल से अलग रह रही है। बुधवार को वह मजदूरी कर अपने भाई के साथ वापस लौट रही थी, इसी दौरान छगन उससे तथा उसके भाई के साथ गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर छगन ने अपनी पत्नी तथा साले के साथ मारपीट की।

## पेज 9 के शेष

### जांच टीम दोषियों ...

औपचारिकता पूरी की है। जांच टीम पर आरोप है कि वह पीड़ित छात्र-छात्राओं को न्याय दिलाने नहीं वरन दोषी शिक्षकों को बचाने में लगी हुई है। उक्त स्कूल में प्राचार्य व शिक्षकों द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने पर पालकों और छात्र- छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया। पालकों को जांच कराने की बात पर धमकी दी गई।

### दल्लीराजहरा और ....

भी ट्रेड से आईटीआई उत्तीर्ण महिला अभ्यर्थी की आयु 18 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है। इसी तरह शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही में 30 मई को सुबह 9 बजे से प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। प्लैसमेंट कैंप में अभ्यर्थी समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यताओं के प्रमाण पत्र, अंकसूची, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियों के साथ 03–03 प्रति फोटोकॉपी एवं 05 नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्रॉफ के साथ शामिल हो सकते हैं।

## आयोजन : सोख्ता गड्ढा में गिट्टी एवं रेत डालकर जल संरक्षण पखवाड़ा का शुभारंभ

# पानी के बिना जीव-जगत की परिकल्पना संभव नहीं जल का संरक्षण व संवर्धन नितांत आवश्यक






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि पानी की एक–एक बूंद बहुत ही अनमोल है। उन्होंने कहा कि इसके बिना मनुष्य के साथ–साथ संपूर्ण जीव–जगत की जीवन की परिकल्पना करना संभव नहीं है। इसलिए जल का संरक्षण एवं संवर्धन करना नितांत आवश्यक है।

श्री चन्द्रवाल जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कुलिया एवं कनेरी में आज आयोजित जल संरक्षण पखवाड़ा के शुभारंभ अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के महत्व एवं इसकी उपयोगिता की जानकारी देते हुए अपने–अपने घरों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण करने तथा जल संरक्षण के पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। इस मौके पर कलेक्टर चन्द्रवाल, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे सहित अन्य अधिकारियों ने सोख्ता गड्ढा में गिट्टी एवं रेत डालकर जल संरक्षण पखवाड़ा का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों को जल संरक्षण के महत्व की जानकारी देने तथा जल का संरक्षण एवं संवर्धन करने जिले के गुरूर विकासखण्ड में 24 मई से 5 जून तक जल संरक्षण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सोख्ता गड्ढा के निर्माण हेतु गुरूर विकासखण्ड के 17 हजार घरों में पहुँचकर 5 जून तक उन्हें स्वप्रेरणा से सोख्ता गड्ढा के निर्माण के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला एवं ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारियों के द्वारा जल वाहिनी के सदस्य, रोजगार सहायक सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा प्रेरित किया जा रहा है।



### सोख्ता गड्ढा निर्माण कार्य को किया आरंभ

कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत द्वारा ग्राम कुलिया के कृषक गोपीकृष्ण साहू के निवास में कुदाल से खुदाई कर सोख्ता गड्ढा निर्माण कार्य का शुभांरभ किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं छात्रओं ने नुक्कड़–नाटक की प्रस्तुति कर आम लोगों को पानी के महत्व एवं जल संरक्षण के उपायों के संबंध में जानकारी दी। ग्राम कुलिया एवं कनेरी पहुँचने पर ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, सीईओ जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे सहित अन्य अधिकारियों का आत्मीय स्वागत किया गया।

### पानी के विवेकपूर्ण उपयोग की दिलाई शपथ

कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने पानी के संरक्षण एवं संवर्धन करने तथा इसका विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के संबंध में कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पानी की हरेक बूंद को संरक्षण करने तथा 'कैच द रेन' को बढ़ावा देने की पूरा सहयोग करने की शपथ ली। कलेक्टर चन्द्रवाल ने पानी की अपव्यय एवं दुरूपयोग करने पर भविष्य में आने वाले संकट एवं चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के विशेष प्रायोजन के फलस्वरूप गुरूर विकासखण्ड में जल संरक्षण पखवाड़ा का महत्वपूर्ण आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम छोटे–छोटे प्रयास के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को आगामी एक माह के भीतर गुरूर ब्लॉक के सभी घरों में अनिवार्य रूप से सोख्ता गड्ढा का निर्माण कर जल संरक्षण के इस महति अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि ग्रामीणों ने स्वप्रेरणा से अपने घरों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण किया है। अधिकारियों ने ग्राम कुलिया के ग्रामीण जगतराम पटेल, गोपीकृष्ण साहू तथा ग्राम कनेरी निवासी विजय साहू के घरों में पहुँचकर उनके द्वारा स्वप्रेरणा से बनाए गए सोख्ता गड्ढा का अवलोकन किया।

## समर कैंप में व्यक्तित्व विकास पर हुई चर्चा




**डौंडीलोहारा।** सेजस दुधली में प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव के निर्देशानुसार समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान दिया गया। व्याख्याता मिलन सिन्हा ने बताया कि व्यक्ति के दो व्यक्तित्व होते हैं पहले बाह्य व्यक्तित्व व दूसरा आंतरिक व्यक्तित्व। बाह्य व्यक्तित्व में व्यक्ति का बाहरी रूप रंग, स्वास्थ्य, आहार विहार, आदतें, बातचीत करने का तरीका, व्यवहार केस विन्यास आदि सम्मिलित होते हैं, जिसे व्यक्ति के बाह्य व्यक्तित्व कहते हैं। आंतरिक व्यक्तित्व में चिंतन, आदतें, स्वभाव, संस्कार चरित्र आता है। व्यक्ति के समग्र व्यक्तित्व को समझाया गया जो जैसा सोचता है और करता है वह वैसा ही बन जाता है। चिंतन से चरित्र व्यवहार फिर संस्कार बनता है। अच्छे व्यक्तित्व वाले सदैव अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहते हैं। वह जीवन में सफल होते हैं। इस कार्यशाला में संस्था के सहयोगी शिक्षक सुनील देशलहरे एवं छात्रों में यशिका साहू, भूमिका देवांगन, हर्षिता, राजवीर भट्ट, भूपेश कुमार, चंदन कुमार, टिकेश्वर, संजय उपस्थित थे।

### कलेक्टर की तत्परता से बुजुर्ग महिला को मिला इलाज

**रायपुर।** रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की तत्परता से एक बुजुर्ग महिला का इलाज संभव हो पाया है। महिला को सी-मार्ट के पास बीमार अवस्था में देखा गया था। एक समाजसेवी ने इसकी जानकारी कलेक्टर को दी। इसके बाद उन्होंने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए बुजुर्ग महिला को संजीवनी 108 एम्बुलेश की मदद से मेकाहारा भिजवाया।

## बैहाकुआं में बुद्ध जयंती मनाई गई



**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम बैहाकुंआ में बुद्ध पूर्णिमा पर खोब्रागढ़े परिवार द्वारा तथागत गौतम बुद्ध की 2568वीं जयंती मनाई गई। आस पास के लोगों को आमंत्रित कर सपरिवार भगवान बुद्ध की त्रिशरण और पंचशील का पाठ किया गया। इस अवसर पर आसपास के लोगों भी खीर-पूरी खिलायी गई।

इस दौरान हीरालाल, पवन, तारेंद्र, देवेन्द्र, सुरेश, रुपेश, सुकलू, फूलकुंवर, मेनका, सीमा, निकिता, संजना, रिया, लव्या, सुशांत, गैदकुंवर, कौशिल्या बाई उपस्थित थे।

### मच्छरों के लार्वा समाप्त करने 10 हजार गंबूजिया मछली छोड़ेगा निगम फागिंग के लिए अभियान शुरू

**रायपुर।** शहरवासियों को मच्छरों के डंक से बचाने नगर निगम अब राजधानी सहित आसपास के इलाकों में ठहरे हुये पानी में पनपने वाले मच्छरों के लार्वा को खत्म करने 10 हजार गंबूजिया मछली छोड़ेगा। नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग इसके लिए फिशरी डिपार्टमेंट को पत्र लिखकर इसकी डिमांड करने की तैयारी में है। इसके साथ ही 10 जोन के 70 वार्डों में जोनवार फागिंग कराने अभियान शुरू किया गया है।

## सरगुजा के तत्कालीन कलेक्टर संजीव झा के खिलाफ जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरगुजा जिले में बांग्लादेशी शरणार्थियों को दिए गए पुनर्वास पट्टे की जमीन को बेचने की थोक में अनुमति के मामले में पूर्व कलेक्टर संजीव झा के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं। पुनर्वास जमीन बेचने की परमिशन देने वाले तत्कालीन कलेक्टर के खिलाफ आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में भी शिकायत की गई है।

शहर से लगे इलाके में पुनर्वास पट्टे की जमीन को थोक में बेचने की अनुमति पूर्व कलेक्टर संजीव झा ने दी है। आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी ने प्रधानमंत्री कार्यालय को इसकी शिकायत की थी। केंद्रीय लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अवर सचिव रूपेश कुमार ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जांच के आदेश दिए हैं। तत्कालीन कलेक्टर संजीव कुमार झा के खिलाफ शिकायत में बताया गया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में थोक में पुनर्वास भूमि बेचने की अनुमति दी। कदम मंडल की पुनर्वास भूमि को भू-माफिया ने संजीव को मोटी रकम देकर, फर्जी अधिकारपत्र बनाकर और फर्जी हस्ताक्षर कर बिक्री की थी।

### यह था मामला

शिकायत के अनुसार, दिल्ली में रह रहे कदम मंडल के पुनर्वास पट्टे की सुभाषनगर स्थित भूमि खसरा नंबर 223/12, रकबा 0.400 हेक्टेयर भूमि को राहुल गर्ग और अन्य के पास 21 लाख में बिक्री करने का सौदा तय कर अनुमति के लिए कलेक्टर के पास प्रस्तुत किया गया। तत्कालीन कलेक्टर संजीव झा ने एक माह में पुनर्वास भूमि बिक्री के लिए आदेश जारी किया। श्री झा का तबादला कोरबा होने के बाद सभी प्रकरणों में भू-माफिया से मिलीभगत कर अंजाम दिया गया। आधे से अधिक की अनुमति एक दिन 26 मई 2022 को प्रदान की गई।

## मतगणना से पहले सीईओ कंगाले ने राजनांदगांव दुर्ग और महासमुंद में लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने गुरुवार को राजनांदगांव, दुर्ग और महासमुंद का दौरा कर मतगणना की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने तीनों जिला मुख्यालयों में स्ट्रांगरूम में रखे ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मतगणना के लिए तैयार किए जा रहे मतगणना कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने सुव्यवस्थित मतगणना के लिए मतगणना स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने तीनों जिलों में विधानसभावार मतगणना कक्षों, उम्मीदवारों एवं उनके गणना अभिकर्ताओं की बैठक व्यवस्था, प्रवेश पास, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मॉनिटरिंग, मतगणना के दिन वीडियोग्राफी, सुरक्षा व्यवस्था, बैरीकेडिंग, डाक मतपत्रों तथा वीवीपैट पर्ची की गिनती की व्यवस्था, मीडिया सेंटर तथा उद्घोषणा स्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा। मीडिया प्रतिनिधि मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जा सकते हैं। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को छोटे-छोटे समूहों में मतगणना कार्य का अवलोकन कराने निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में तीन चरणों में डाले गए वोटों की गिनती आगामी 4 जून को सभी संबंधित जिला मुख्यालयों में होगी।

### स्ट्रांगरूम की सुरक्षा और मॉनिटरिंग का लिया फीडबैक

उन्होंने तीनों जिले में मतगणना स्थलों पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स (एआरओ) से चर्चा कर मतगणना के लिए टेबलों की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने वोटों की गिनती के लिए कंट्रोल यूनिट को स्ट्रांगरूम से मतगणना कक्ष तक लाने और वापस ले जाने की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने स्ट्रांगरूम के बाहर मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर स्ट्रांगरूम की सुरक्षा व मॉनिटरिंग व्यवस्था तथा मतगणना स्थल पर इंतजामों के संबंध में फीडबैक भी लिया।

## कांजी हाउस में मवेशी को पेटभर दाना-चारा के लाले, गोठान की स्थिति बेहतर

# गोठान-कांजी हाउस में 70 फीसदी मवेशी के मालिक लापता, 30 फीसदी दूध की चिंता में छुड़ाने पहुंचते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आधा दर्जन इलाकों में नगर निगम द्वारा बनाये गये कांजी हाउस और गोठान में 70 फीसदी मवेशी के मालिक सालों से लापता हैं। सड़क पर मवेशी को छोड़कर एक बार गये, वे दोबारा इसकी खोज खबर करने नहीं पहुंचे, जबकि 30 फीसदी ऐसे भी रहे जो दूध की चिंता में कांजी हाउस और गोठान का ठिकाना ढूंढते मवेशी छुड़ाने पहुंच जाते हैं। चौंकाने वाली बात ये इन 70 फीसदी मवेशी में ज्यादातर बीमार, बूढ़े और दूध न देने वाले मवेशी हैं। साथ ही कुछ सांड और बछड़े को भी कांजी हाउस और गोठान में एक अरसे से रखने की नौबत आई है।

रायपुर नगर निगम द्वारा निगम सीमा क्षेत्र में प्रमुख मार्गों और चौराहों, बाजार क्षेत्रों में सड़क यातायात बाधित कर रहे मवेशियों को पकड़कर आधा दर्जन कांजी हाउस और गोठानों में रखने की व्यवस्था बनाई गई है। इसकी निगरानी पहले निगम मुख्यालय के माध्यम से होती थी, पर बाद में जोन स्तर पर इसकी देखरेख की व्यवस्था की गई।

### गोकुल नगर गोठान के लिए सब्जी मंडी और फल बाजार से मिल रही खुराक



गोकुलनगर गोठान में मवेशियों की देखरेख करने वाली संस्था द्वारा देवपुरी और डूमतराई के फल और सब्जी बाजार से निकलने वाली अनुपयोगी फल, सब्जियों को गाड़ी में भरकर लाती है। यही नहीं, कुछ सब्जी व फल विक्रेता सेवा भाव से भी दान के रूप में स्वस्फूर्त होकर इस कार्य में सहयोग करते हैं। सूत्रों के मुताबिक अटारी और जरवाय के गोठान में भी आसपास के किसानों द्वारा पैरा, भूंसा और चारा समय-समय पर मवेशियों के लिए आहार के रूप में उपलब्ध कराया जाता है। इससे मवेशियों के रखरखाव में सहूलियत होती है।

### ठेके पर संचालन, प्रति पशु औसतन 27 रुपए की दर से भुगतान

नगरनिगम द्वारा शहर के आधा दर्जन इलाकों में बनाये गये गोठान व कांजी हाउस का संचालन ठेके पर दिया गया है। इसमें एक साल के लिए टेंडर जोन स्तर पर करने की व्यवस्था है। सूत्रों के मुताबिक अनुबंधित ठेका एजेंसी को प्रति पशु औसत 27 रुपए की दर से मवेशी के दाना-चारा के लिए राशि का भुगतान किया जाता है। पूर्व में नगर निगम संबंधित जोन के माध्यम से कांजी हाउस की देखरेव व मवेशी के लिए खाना-खुराक की व्यवस्था करता था।

### गोठान और कांजी हाउस की स्थिति पर एक नजर



| गोठान का नाम | मवेशी रखने की क्षमता | वर्तमान में मवेशी की स्थिति |
| --- | --- | --- |
| गोकुल नगर गोठान | 650 | 500 |
| जरवाय गोठान | 200 | 100 |
| अटारी | 350 -400 | 200 |
| फुंडहर | 300 से 350 | 300 |
| लाखे नगर कांजी हाउस | 50 | 30 |
| भाठागांव | 50 | 25 |

### कांजी हाउस की हालत खस्ता, मवेशी को समुचित खुराक नहीं मिल रही

*राजधानी लाखेनगर स्थित नगर निगम के पुराने कांजी हाउस छोटा होने की वजह से बमुश्किल 50 मवेशी रखने की व्यवस्था है। मवेशियों की संख्या ज्यादा होने पर उसे आसपास के गोठान में शिफ्ट कर दिया जाता है। सूत्रों के मुताबिक मवेशी की देखरेख और दाना-चारा की समुचित व्यवस्था नहीं होने से यहां रखे मवेशी कमजोर होने लगे हैं। इस ओर निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। शहर के मध्य स्थित इस कांजी हाउस में काउकेचर के माध्यम से आसपास के इलाकों के मवेशियों की धरपकड़ कर यहां लाया जाता है। इसी तरह भाठागांव का कांजी हाउस भी मवेशियों के हिसाब से छोटा पड़ने लगा है। इसके विस्तार के लिए जोन स्तर पर कोई योजना अब तक नहीं बनाई गई।*

**खबर संक्षेप**

## सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए जिला समिति गठित

**बालोद।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी समिति के सदस्य सचिव होंगे। जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश कुमार सूर्यवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मारकले, जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश कुमार रावटे, जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश कुमार ठाकुर, रक्षित निरीक्षक जिला बालोद रेवती वर्मा एवं यातायात निरीक्षक राकेश ठाकुर को समिति का सदस्य बनाया गया है। सड़क दुर्घटना के रोकथाम के उपायों की समीक्षा एवं दुर्घटना के कारण होने वाले आकस्मिक जनहानि के प्रकरणों की समीक्षा के संबंध में प्रत्येक माह के द्वितीय शुक्रवार को दोपहर 04 बजे समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

## तहसील कार्यालय में पसरी गंदगी से परेशानी

**रायपुर।** रायपुर तहसील कार्यालय की नियमित रूप से सफाई नहीं हो पा रही है। इस कारण तहसील कार्यालय के अंदर परिसर में जगह-जगह गंदगी पसरी रहती है। हर रोज अपने काम से यहां पहुंचने वाले आम लोगों के अलावा कर्मचारियों को भी गंदगी और दुर्गंध से परेशान होना पड़ रहा है। तहसील कार्यालय के सूत्रों के अनुसार यहां सफाई करने वाले नियमित रूप से नहीं आते हैं। इसके कारण तहसील कार्यालय के अंदर परिसर में जगह-जगह कूड़े के ढेर व गंदगी पसरी रहती है। अंदर परिसर को कर्मचारियों ने पार्किंग बना डाला है, जबकि पार्किंग की व्यवस्था तहसील के बाहरी हिस्से में है। दोपहिया वाहनों के कारण अंदर परिसर में लोगों को चलने के लिए कम जगह मिल पाती है। वाहनों के कारण यहां गंदगी भी फैल रही है।

## डूमरतराई थोक सब्जी मंडी का स्थापना दिवस मनाया

**रायपुर।** डूमरतराई स्थित प्रदेश की सबसे बड़ी थोक सब्जी मंडी ने 13 वर्ष पूर्ण कर 14वें वर्ष में प्रवेश किया है। श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति ने इस अवसर पर गुरुवार को मंडी परिसर में थोक सब्जी मंडी का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान समिति के लोगों ने एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें केक काटकर पटाखे फोड़े और फिर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस सेलीब्रेट किया।

**मौसम : अस्पताल में मरीजों की संख्या में रोज हो रही बढ़ोत्तरी**

# सुबह चिलचिलाती धूप, शाम को आंधी-बारिश मौसम में लगातार हो रहे बदलाव से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुबह आठ बजते ही चिलमिलाती धूप से लोग परेशान नजर आते हैं तो वहीं शाम होते ही मौसम में अचानक परिवर्तन होकर आंधी तूफान और गरज चमक शुरू हो जाती है। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव से लोग परेशान हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। पहले कुछ दिन गर्मी बढ़ी, अब सुबह आठ बजे से धूप का कहर शुरू होता है। छोटे बच्चों से लेकर युवा भी नहर नालियों में बह रहे पानी मे सुबह से शाम तक दो से तीन बार नहाते नजर आ रहे हैं। बार–बार नहाकर गर्मी से राहत पाने कोशिश कर रहे हैं। दोपहर होते- होते मौसम बदलने लगता है और शाम को आंधी– बारिश होने लगती है। तेज हवा से घरों के छप्पर उड़ने तथा बिजली गुल होने की समस्या आम हो गई है। चिलचिलाती धूप के साथ प्रचंड गर्मी पड़ने के कारण पूरे दिन आम लोग बुरी तरह परेशान नजर आते हैं। गर्मी की वजह से बिजली विभाग पर भी लोड बढ़ गया है। यही वजह है कि लगातार आंखमिचौली का खेल जारी है। इसके अलावा कई इलाकों में तार व ट्रांसफॉर्मर की बदली को लेकर भी ब्रेक डाउन हो रहा है।

■ राहत पाने दो- तीन बार युवा नहरों में लगा रहे डुबकी






### दिनभर गर्मी और शाम को जमकर बरसे बदरा

**डौंडी।** एक बार फिर भीषण गर्मी के बाद शाम होते ही जमकर बरसे मेघा और जबरदस्त तरीके से बिजली का कड़कना और तेज तूफान चलने से लगभग आधे घंटे तक ब्लॉक मुख्यालय सहित अंचल का जनजीवन प्रभावित रहा। बता दें कि इस माह के दो मंगलवार को आए तूफान ने ब्लॉक में काफी तबाही मचाई। 7 मई की सुबह आयी आंधी से जहां डौंडी नगर के वार्ड छह निवासी देनू राम देवांगन के घर की छत उड़ गई। वहीं कई जगहों के पेड़ गिरने से मार्ग अवरूद्ध हुए। पिछले मंगलवार देर शाम आए तूफान के कारण कई जगहों पर पेड़ों की डंगाले बिजली की तारों पर गिरने, पोल टूटने जैसी घटनाएं घटी और वनांचल क्षेत्र में रात भर लाइट बंद रही। उसी प्रकार शुक्रवार की शाम भी कुछ ऐसे ही मौसम ने करवट ली और सुबह से तेज धूप के बाद अचानक से तेज हवाएं चलने लगी और बारिश शुरू हो गई। लगभग आधे घंटे तक मौसम खराब रहा और पानी बरसा, फिर सामान्य हो गया।



**नुकसानदायक है यह बारिश :** बदलते मौसम और बादलों की गर्जना देख विद्युत विभाग ने भी बिजली बंद कर दी। नगर के तेजराम साहू ने कहा कि इस प्रकार बारिश होने से गर्मी से कुछ समय के लिए राहत तो मिलती है, लेकिन बरसात और तूफान से नुकसान अधिक होता है। तूफान से जहां कई पेड़ गिर जाते है, रास्ते बंद हो जाते है, बिजली की तारे और पोल टूट जाते हैं, इस कारण घंटों लाइट बंद होती है, जिसका नगर के व्यवसाय पर असर पड़ता है।

### अंधाधुंध पेड़ कटाई और पक्के निर्माण से संकट बढ़ा

व्यवसायी और समाज सेवी अजय अग्रवाल ने बताया कि इस प्रकार तूफान आना और बारिश होने का सबसे प्रमुख कारण प्रकृति से खिलवाड़ है। जंगलों में पेड़ पौधों की अंधाधुंध कटाई और सीमेंट कांक्रीट का बढ़ते जाना इस प्रकार से मौसम के बदलाव का सबसे बड़ा कारण है। सभी को जागरूक होकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने के साथ भूजल को संरक्षित करने की ओर कदम उठाना पड़ेगा, अन्यथा आने वाले समय में स्थिति और भी भयावह हो जाएगी।

### बिजली की आंख मिचोनी से मुसीबत

भीषण गर्मी में बिजली की आंखमिचौली से लोगों की परेशानियों बढ़ गई है। लोग धूप से बचने घरों में दुबके रहना ज्यादा उचीत समझ रहे हैं, लेकिन लोग घरों में भी बिजली की आंखमिचौली से बेचैन हो रहे हैं। मौसम का मिजाज बेहद गर्म हो जाने के कारण जिले में किसानों के साथ रोजमर्रा की जिन्दगी व्यतीत करने वाले लोगों को परेशनियों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। विद्यालय बंद रहने से स्कूली बच्चों को थोड़ी राहत जरूर मिली है लेकिन बिजली बंद होने की समस्या से बच्चों को घर मे रहने से भी बेचैनी कम नहीं हो रहा है। पिछले दो–तीन दिनों से भीषण गर्मी का सामना लोग सुबह से शाम तक कर रहे हैं। उसके बाद मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिलता है। तेज आंधी और तूफान तथा बारिश अचानक होने लगती है। लोग दिनभर गर्मी से पस्त रहते हैं। रात को आंधी तूफान से लाइट बंद होने से परेशान हो रहे हैं। अचानक हो रहे मौसम परिवर्तन से लोग असमंजस में हैं। वही शाम होते होते जिला मुख्यालय मे फिर से बूंदा बांदी तेज हवा के साथ चालू हो गई, जिससे बचने के लिए लोग इधर उधर बचते छुपते दिखे।

# जिले में अब तक 22629.775 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी

**खरीदी लक्ष्य का 87.71 प्रतिशत का संग्रहण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में लघु वनोपज के तहत तेंदूपत्ता की खरीदी संग्रहण केंद्रों के माध्यम से तीन मई से प्रारम्भ की गईं थी। कुछ समितियों में अभी भी खरीदी जारी है। वहीं अधिकांश समिति में तेंदूपत्ता की खरीदी पूर्णतः बंद कर दी गईं है।

तेंदूपत्ता खरीदी के दरमियान खराब मौसम का कहर बेमौसम बारिश और आंधी तूफान के रूप में देखने को मिला। जिसके कारण तेंदूपत्ता की खरीदी अधिकांश संग्रहण केंद्रों में प्रभावित रही। खरीदी लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए मौसम के खुलने के बाद पुनः खरीदी किया गया।

**खराब मौसम के कारण खरीदी प्रभावित :** प्रशासन द्वारा वन विभाग को वर्तमान वर्ष में तेंदूपत्ता खरीदी के लिए 25800 मानक बोरा का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। अब तक 22629.775 मानक बोरे की खरीदी की गईं है, जबककि संग्राहक परिवार पत्ता तोड़ने के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित नजर आ रहे थे। खराब मौसम और बेमौसम बारिश के साथ ही कड़कते पत्तों ने मनोबल कम कर दिया। इसका सीधा असर तेंदूपत्ता खरीदी पर पड़ा है।



### तेंदूपत्ता संग्रहण और भंडार का कार्य प्रारम्भ

जिले में अब तक कुल 22629.775 मानक बोरा की खरीदी की गईं है, जो कुल खरीदी लक्ष्य का 87.71 प्रतिशत आंका गया है। इसके साथ ही अब टीपी जारी कर भंडारण का भी कार्य प्रारम्भ हो चुका है, जिसके तहत अब तक 7588.688 मानक बोरे का भंडार किया जा चुका है। वही अधिकांश संग्रहण केंद्रों में फड़ मुंशी और ठेकेदार के लोगों द्वारा तेंदूपत्ता को संग्रहित कर बोरा बनाने के साथ ही ट्रांसपोर्ट कर भंडारण कराने का काम जारी है। आए दिन मौसम खराब होने के कारण तेंदूपत्ता को सुरक्षित रख पाना बड़ी चुनौती साबित हो रहा है, हालांकि पानी से बचाने के लिए त्रिपाल की व्यवस्था की गईं है।

# कालेज छात्र से दोस्ती कर परिवार को बंधक बनाया, झूठे केस में फंसाने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राखी थाना में जांजगीर-चांपा निवासी एक व्यक्ति ने अपने बेटे के दोस्त, उसके बड़े भाई, एक महिला तथा उसके बेटे सहित एक दर्जन लोगों के खिलाफ बंधक बनाकर मारपीट, छेड़खानी तथा लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना तीन माह पूर्व फरवरी की है। जिन्होंने लूट की शिकायत दर्ज कराई है, उन्होंने पुलिस को बताया है कि घटना को अंजाम देने वाला उसके बेटे का दोस्त तथा उसका भाई मास्टर माइंड हैं।

पुलिस के मुताबिक पेशे से पुरोहित का काम करने वाले कमल तिवारी ने सोहेल अली उर्फ मोहर्रम अली, उसके बड़ा भाई, ज्योतिका ऋषि, उसके बेटे तथा अन्य के खिलाफ बंधक बनाकर लूट, मारपीट तथा छेड़खानी करने की शिकायत दर्ज कराई है। कमल ने पुलिस को बताया है कि उनका बेटा वर्ष 2021 में नवा रायपुर स्थित आईटीएम कालेज में बीबीए की पढ़ाई करता था। इसी दौरान उसकी पहचान सोहेल के साथ हुई।

■ डेढ़ लाख रुपए और कार की लूट

सोहेल का बड़ा भाई कालेज परिसर में कैंटीन चलाता है, जहां कमल का बेटा खाना खाने जाता था। कमल के अनुसार बेटे के साथ दोस्ती होने की वजह से सोहेल चार-पांच बार उनके घर आया है। कमल ने पुलिस को बताया है कि दोस्ती का फायदा उठाकर सोहेल तथा उसके साथियों ने उन्हें लूट का शिकार बनाया।

### झांसा देकर रायपुर बुलाकर ओडिशा ले गए

कमल ने थाना में जो शिकायत दर्ज कराई है, उसके मुताबिक सोहेल ने उसके बेटे को 20 जनवरी को कॉल कर कार लेकर तत्काल रायपुर आने के लिए कहा। सोहेल के कहने पर कमल का बेटा कार लेकर रायपुर आ गया। इसके बाद सोहेल ने 11 फरवरी को कमल को कॉल कर कहा, आपका बेटा किसी केस में फंस गया है आप डेढ़ लाख रुपए लेकर तत्काल ओडिशा, अंगुल आ जाओ। अंगुल पहुंचने पर सोहेल ने कमल से पैसे मांगे, तब कमल ने अपने पास पैसा नहीं होने की बात कही। इस पर सोहेल ने अपने दोस्त के पिता को कार छोड़कर अपना बेटा ले जाने कहा। केस के संबंध में पूछने पर सोहेल ने कमल को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी और कमल की कार रख दोनों को वहां से जाने दिया।

# गर्मी में इबादत, नन्हे रोजेदारों का किया गया इस्तकबाल

## ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन बालोद में बच्चों की हौसला अफजाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन बालोद की जानिब से हर साल की तरह इस साल भी नन्हे रोजेदारों का इस्तकबाल किया जा रहा है। बालोद में भी नन्हे रोजेदारों का प्रोग्राम किया गया। इसमें लगभग 90 बच्चों का आना हुआ और बच्चों को सनद (प्रमाण पत्र) और मोमेंट से नवाजा गया और उनका हौसला अफजाई की गई।

प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद जुबेर, रायपुर संभाग सचिव शाहबान खान, दुर्ग संभाग के संरक्षक डॉक्टर साजिद अहमद, दुर्ग संभाग जिला अध्यक्ष हाजी जाहिद अहमद, दुर्ग से मोहम्मद इमरान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदिल हमीद सिद्दीकी की सर परस्ती में किया गया और जिला अध्यक्ष अजहर कुरैशी के निर्देशानुसार मुस्लिम जमात खाना बालोद में सफलतापूर्वक किया गया। इसकी शुरुआत हाफिज मोहम्मद शकील खान चिश्ती ने कुरान पाक की तिलावत से की। इसमें प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी जुबेर, रायपुर संभाग सचिव शाबान खान, दुर्ग संभाग के संरक्षक डॉक्टर साजिद अहमद ने फाउंडेशन के काम को विस्तार पूर्वक समझाया। इसी कड़ी में हज में जाने वाले बालोद जिले से सात हाजियों का भी इस्तकबाल किया गया। इस प्रोग्राम में मेहमान खास के तौर पर इंतजामियां कमेटी जामा मस्जिद बालोद के मुतवल्ली शाहिद अहमद खान, नायब सदर शईद तिगाला, मुस्ताक पटेल (मुदर्रिस), अशरफ निर्बान, खलील अहमद, नज़ीर खान, सलीम खान मौजूद रहे।






ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन बालोद की टीम जिसमें जिला अध्यक्ष अजहर कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष वकार कुरैशी, जिला सचिव रहीम मोहम्मद, समीर मनिहार, बशीर खान, हकीम ताज, रिजवान कुरैशी,कामरान,निजाम कुरैशी,हसन हक्कानी, इस्माइल खान, इरफान, सरफराज, हसनात सिद्दीकी, इरशाद,आवेश मेमन मौजूद रहे। हमसिरा ग्रुप जिला अध्यक्ष हसीना बेगम हमसिरा ग्रुप के सदस्य नूरी शबाना, रसीद बेगम, शहनाज, जहांआरा और आवाम के लोग मौजूद रहे

### इनका रहा विशेष योगदान

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बालोद जिला टीम का योगदान रहा। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज ने दुर्ग जिला संरक्षक के नाम की घोषणा की जिसमें चरोदा भिलाई के डॉक्टर साजिद अली को दुर्ग जिला संरक्षक बनाया गया है। दुर्ग जिला अध्यक्ष हाजी जाहिद खान ने साल पहनाकर उनका इस्तकबाल किया और कमेटी के मेम्बरो ने मुबारकबाद दी।

# आत्महत्या : मछुआरा समूह के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जिले के देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम राणाखुज्जी निवासी चेमन लाल भैसारा ने ग्राम पंचायत संजारी के नर्सरी में लगे करन पेड़ में गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में उसके परिजनों ने तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है। मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मछुवारा समिति के अध्यक्ष सोनसाय ढीमर, जगमोहन, डोमन ढीमर के खिलाफ धारा 384, 306, 34 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम राणाखुज्जी के बोईर तालाब में आदर्श मत्स्य सहकारी समिति मछुवारा समूह संजारी द्वारा मछली पालन का कार्य किया जा रहा है 11 मार्च को शाम करीब 6 बजे प्रकरण के मृतक चेमन लाल भैसारा बोईर तालाब में हाथ पैर धोने गया था, तभी उक्त मछुवारा समिति के सदस्य जगमोहन उर्फ जग्गु ढीमर, डोमन ढीमर द्वारा मृतक चेमन लाल भैसारा को मछली चोरी करने के संदेह में ग्राम राणाखुज्जी से ग्राम संजारी के ढीमर समाज के भवन में लाकर गवाह मृतक के चाचा रामसाय व पिता शारदा प्रसाद के समक्ष मृतक पर मछली चोरी करने का आरोप लगाकर गाली गलौज करते हुए 50 हजार की मांग करने एवं रुपये नहीं देने पर पुलिस में चोरी का केस दर्ज करने की धमकी उक्त मछुवारा समूह ने दी। इसमें अध्यक्ष सोनसाय ढीमर, सदस्य जगमोहन, डोमन ढीमर एवं अन्य के नाम शामिल है। मृतक के पिता व चाचा द्वारा डर में रूपये देना स्वीकार कर 1000 रुपए उक्त मछुवारा समुह के आरोपी अध्यक्ष एवं सदस्यों को देकर बाकी रकम 2-3 दिन के बाद देना स्वीकार किया। इसके बाद मृतक को उसके पिता व चाचा राणाखुज्जी अपने घर ले गये, घर पहुंचने के उपरांत वह 10 मिनट बाद घर से निकल गया, जो रात तक लौटा नहीं। उसने 11 मार्च की रात 7.40 बजे से 12 मार्च सुबह 7 बजे के मध्य ग्राम पंचायत संजारी नर्सरी में लगे करन पेड़ में गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के चाचा एवं पिता के कथनानुसार मृतक को मछुवारा समूह के उक्त आरोपी सदस्यों द्वारा मछली चोरी का आरोप लगाकर गाली गलौच करते हुए पुलिस का भय दिखाते हुए 50 हजार की मांग करने की जानकारी थाने में दी। परिजनों ने यह भी बताया कि आरोपियों द्वारा लगाये गये चोरी के आरोप से वह अत्याधिक अपमानित महसूस कर एवं दण्ड की बकाया 49 हजार आरोपियों को भुगतान करने के डर व चिंता में मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर फांसी लगाने मजबूर होकर आत्महत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 384, 306, 34 भादवि का प्रथम दृष्टया अपराध घटित करना पाये जाने से समुह अध्यक्ष सोनसाय ढीमर, सदस्य जगमोहन ढीमर, डोमन ढीमर व मछुवारा समूह संजारी के अन्य सदस्य के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### जरुरतमंदों को रक्तदान करने में जुटे आरक्षक

**बालोद।** कोतवाली थाना में पदस्थ आरक्षकों द्वारा इन दिनों जरुरूरतमंद लोगों को रक्तदान कर उनकी मदद की जा रही हैं। गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान से लेकर अन्य कई तरह की बीमारियों से जूझ रहे बीमार लोग जिन्हें खून की कमी हो रही है, ऐसे मरीजों का जीवन बचाने कोतवाली थाना में पदस्थ आरक्षकों द्वारा लगातार रक्तदान किया जा रहा है। थाना बालोद के आरक्षक धनेश साहू, रवि कुमार साहू तथा मोहन कोकिला ने जरूरत मंद को जिला अस्पताल बालोद में रक्तदान गया है। आरक्षकों ने कहा कि आगे भी जरूरतमंद लोगों को इसी तरह से रक्तदान कर उनकी मदद करेंगे। आरक्षकों की इस पहल की थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय ने सराहना की।

### कॉलेज में छात्रों को मिलेगी निःशुल्क शिक्षा

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय की संचालन समिति अंचल में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा देने जा रही है। यह शिक्षा 27 मई सुबह 8 बजे से संचालित होगी।

### चोरी मामले में तीन बालक गिरफ्तार

**भिलाई।** चोरी मामले में पुलिस ने तीन अपचारी बालकों को पकड़ा है। मामले में पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा 457, 380, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि संजय नगर सुपेला निवासी ओमप्रकाश सेन का आकाशगंगा सुपेला में गैलेक्सी सेलून नामक दुकान है। जिसकी चोरी की शिकायत पीड़ित ने किया था। पुलिस ने चोरी के आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। सूचना पर पुलिस संजय नगर तालाब के पास पहुची। जहां संदेही बालक छिपे हुए थे। तीनों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुछताछ करने पर दुकान में चोरी करना स्वीकार किया। बालको से हेयर ड्रायर,यू.वी. लाईट, फोकस लाईट, फ्लोर लाईट, अस्तुरा, मैट्रिक शैम्पू जब्त किया गया। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई है।

### मोबाइल चोर नाफीस की मदद से पकड़ाया

**भिलाई।** मोबाइल चोरी मामले में पुलिस आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाफीस ऐप (नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम) की मदद से आरोपी को पकड़ पाई। पुलिस ने संदेह के आधार पर उसे पकड़ा। सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि मोहन नगर पुलिस और एसीसीयू की टीम ने मोबाइल चोरी के आरोपी पकड़ा है। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम वर्षा देसाई गंज वीरसी वार्ड थाना वर्षा जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र निवासी बथूला मलैया उर्फ अशोक बताया है। आरोपी से पुलिस ने 12 हजार रुपए कीमती एक मोबाइल भी जब्त किया है। आरोपी ने मोबाइल फोन को 18 मई के दिन कालीबाड़ी सिंधिया नगर दुर्ग से चोरी करना स्वीकार किया।

**आयोजन : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का बच्चों के समर कैंप का पांचवां दिन**

# विद्यार्थीकाल का समय जीवन की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया है।

समर कैंप के पांचवें दिवस के प्रथम सत्र में में बीके. पूर्णिमा दीदी ने समय का महत्व बताते हुए कहा कि हममें से बहुत सारे लोग समय को यूं ही व्यर्थ गंवा देते है। जबकि समय को व्यर्थ गंवाना मानो जीवन को व्यर्थ गंवाना। समय का एक क्षण सोने के कण जितना मूल्यवान है, उसमें भी विद्यार्थी काल जीवन का बहुत महत्वपूर्ण समय है। यही भविष्य जीवन की आधारशिला है, इसलिए इसका पूरा सदुपयोग करे। इसके अलावा कम समय में अच्छी पढ़ाई कैसे करे इसके बारे में कुछ टिप्स बताते हुए कहा कि क्लास में ध्यान से सुनना, नियमित पढ़ाई करना, लगन व एकाग्रता से पढ़ना, पढ़ाई की चर्चा करना, फ्रेश दिमाग से पढ़ना, रिविजन करना।

अपनी दिनचर्या कैसे रखनी है, इसके बारे में बताते हुए स्वाति बहन ने कहा कि सुबह जल्दी उठना और रात को जल्दी सोने से शरीर स्वस्थ होते है इसलिए हमें सुबह जल्दी उठना चाहिए। रात को जल्दी सोने से शरीर स्वस्थ रहता है, इसलिए हमें सुबह जल्दी उठना चाहिए। रात को जल्दी सोने का समय निश्चित करे। जो अपनी स्मरण शक्ति को अच्छा बनाना चाहता है, उसके लिए सुबह का समय मूल्यवान होता है, दिन की शुरूआत हम कोई अच्छा विचार, चिंतन व पठन से करें और दिन में कम से कम दो बार नहाना चाहिए। रात में अच्छी नींद होने से हम अपने आपको स्वस्थ महसूस करते है, जिससे हमारा अवचेतन मन स्वीकार करने के लिए तैयार हो जाता है, तो सबसे पहले कुछ क्षण के लिए परमप्रिय परमात्मा का चिंतन अवश्य करे और दिल से यही कामना करे कि हे प्रभु आज का दिन मेरे लिए खुशी–खुशी से गुजर जाएं और परम पिता का शुक्रिया अदा करे। समर कैम्प का समापन 25 मई को रखा गया है, जिसमें विभन्न प्रतियोगिताएं भी रखी गई है।

## रानीतराई किसना समर कैंप बच्चे सीख रहे संगीत, गायन-वादन



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला रानीतराई (कि) में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। पालकों, शाला प्रबंधन समिति एवं ग्राम पंचायत से सहमति लेकर यह आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प में संगीत,गायन, वादन सिखाया जा रहा है। सारेगामा के सुर ताल को बच्चों ने समझा। संगीत की धुन में बच्चे शिक्षक सब मन्त्रमुग्ध हुए,बच्चो ने वाद्ययंत्र को बजा कर देखा,बच्चों में असीमित प्रतिभा होती है। उसी को निखारने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। प्रधान पाठक निर्मल दुबे ने बताया कि समर कैंप का आयोजन 20 मई से 31 मई तक किया जाना है जिसमें बच्चों को विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराया जाना हैं। जैसे गायन, वादन, संगीत, चित्रकला, निबंध, अभिव्यक्ति कौशल का विकास,सड़क सुरक्षा जैसे टॉपिक पर बच्चों को कार्यक्रम आयोजित कराया जाना है। आज के समर कैम्प में प्रधान पाठक निर्मल दुबे,शिक्षक देवानंद तारेन्द्र,पुष्पा तुरकाने,संगीतज्ञ चेतन श्रीवास,बी. ठाकुर ,हेमंत श्रीवास,गरीबा साहू एवं अन्य ग्रामीणों मौजूद रहे। शाला परिवार की तरफ से सभी का आभार प्रकट किया गया।

## समर कैंप में बच्चों ने सीखा डिजिटल तकनीक के उपयोग



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रसमड़ा में समर कैंप के तीसरे सप्ताह व्याख्याता जयपाल सिंह गांवरे व बिष्णु लाल नोरके के नेतृत्व में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप के प्रति बच्चों में इतना उत्साह था कि वे सब सुबह 7 बजे ही स्कूल पहुंच गये। कैंप में बच्चों ने डिजिटल तकनीक के उपयोग, ई-बुक कैसे पढ़े, 12वीं कक्षा उत्तीर्ण बच्चों को करियर संबंधी जानकारी, कक्षा 10वीं के उत्तीर्ण बच्चों को सब्जेक्ट चयन में आने वाली दिक्कतों का समाधान, रोजगार के अवसर, वर्तमान समय में किस फील्ड में जॉब की अधिक संभवना विषय पर गांवरे ने बच्चों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही बच्चों को किस क्षेत्र में करियर की अधिक संभावना है, उस पर फोकस करने की सलाह दी। कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किये। 12वीं पास अधिकतर बच्चों ने ग्रेजुएशन के बाद पीएससी की तैयारी करने की बात कहीं। कुछ बच्चे 12वीं के बाद चार वर्षीय ग्रेजुएशन कोर्स जिसमें बीएड कोर्स करने की बात कहीं, ताकि टीचर जॉब एक वैकल्पिक जॉब के रूप में अपने पास रहे। समर कैंप में श्रुति यदु, नेहा साहू, रोहन, समीर, संजू यादव, अंकित, अनामिका, मुस्कान, श्रेया, वैष्णवी, डॉली, अभिषेक, एकता, रोशनी, कविता, प्रिन्सी, वैष्णवी राजपूत, पूनम, रितिका वैष्णव आदि बच्चों ने अपनी सहभागिता दी।

## किल्लेकोडा समर कैम्प में रंगोली मेहंदी व चित्रकला





**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा में समर कैम्प के पांचवें दिवस वाय. एस. मरकाम वरिष्ठ व्याख्याता, डॉ. बी. एल. साहसी व्याख्याता ,तथा श्रीमती त्रिजला ठाकुर के कुशल नेतृत्व में रंगोली, मेहंदी व चित्रकला प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का टॉपिक बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, पर्यावरण प्रदूषण, जल संरक्षण ,स्वच्छता आदि था। जिसमें लगभग 25 छात्राओं ने भाग लिया इस अवसर पर श्री मरकाम ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों को नए-नए विधा सीखने को मिल रहा है ,जो उसके आने वाले समय में काम आएगा। डॉ. साहसी ने कहा कि जब भी किसी प्रकार के कैम्प या प्रशिक्षण का आयोजन होता है, तो कुछ ना कुछ लाभ देकर जरूर जाता है, जो की आने वाले जीवन को सफल बनाने में सहायक सिद्ध होगा । आभार प्रदर्शन श्रीमती ठाकुरने किया। प्रतियोगिता में कु तनु ,यमुना कक्षा नवमीं, कु प्रेरणा, चांदनी, दामिनी, गोमती कक्षा दसवीं, कु खुशबू ,विद्या, साक्षी ,पूजा ,मोनिका, भूमिका , जितेश्वरी,कु. यशस्वी और ईशा शामिल हुईं। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## डौंडी विखं के स्कूल में लगाया जा रहा समर कैम्प



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन 20 से 31 मई तक किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में जिले के छात्र–छात्राएं विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। इसके अंतर्गत डौंडी विकासखंड के 171 प्राथमिक शाला, 82 माध्यमिक शाला एवं 33 हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत डौंडी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मंडले ने विभिन्न स्कूलों में आयोजित समर कैंप का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। जिसके अंतर्गत प्राथमिक शाला आड़ेझर में चित्रकला विधा का आयोजन किया गया था। जिसमें विद्यार्थियों को ग्राफ के माध्यम से अच्छी चित्रकारी करने के भी टिप्स बताए गए। जिसका आनंद शाला के बच्चों द्वारा पूरे मनोयोग से लिया गया। इस अवसर पर शिक्षक, संकुल समन्वयक तथा बीआरसीसी डौंडी उपस्थित रहे। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत डौण्डी एवं बीआरसीसी के द्वारा विद्यार्थियों को कंपास बॉक्स, रंगीन पेंसिल तथा ड्राइंग शीट आदि का भी वितरण किया गया।

## समर कैंप में अभिव्यक्ति कौशल विकास पर भी जोर





**डौंडीलोहारा।** शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय अछोली में तृप्ति लता ठाकुर, संगीता दीवान, संध्या धनगुन के द्वारा समर कैंप में बच्चों को 24 मई को अभिव्यक्ति कौशल के विकास पर कार्यशाला आयोजित की गई। सर्वप्रथम तृप्ति लता ठाकुर के द्वारा अभिव्यक्ति कौशल विषय से संबंधित बातों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बच्चों से अपनी बातों को बेहतर ढंग से कैसे रखें इसकी चर्चा और गतिविधि कराया गया। प्रत्येक बच्चों से परिचय, उनकी रुचि,शौक और ऐसे कार्य जिसे करने में आनंद आता है और जिसे हम बेहतर तरीके से कर सकते हैं। ऐसे कार्यों को बच्चों द्वारा प्रदर्शन भी कराया गया। बच्चों ने भी बेहिचक अपनी बातों को रखा। आमतौर पर देखा जाता है कि स्कूलों में विषय से संबंधित पढ़ाई और चर्चा होती है जिसमें जो पढ़ाई में अच्छे होते हैं उन लोग ही आगे रहते हैं। उनको अपनी स्वाभाविक कला को प्रदर्शित करने का भी कम ही अवसर प्राप्त होता है।समर कैंप में उन्हीं दक्षताओं के विकास पर जोर दिया जा रहा है। आज के समर कैंप का समापन राज्यगीत के साथ किया गया।

## संकुल निकुम के विद्यार्थियों ने सीखे विभिन्न विधाओं के गुर और दिखाई अपनी प्रतिभा



**अंडा।** छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग के आदेशानुसार वह जिला शिक्षा कार्यालय व विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव के निर्देशानुसार से स्कूलों में समर कैंप आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को सुबह 2 घंटे का समय निकाल करके उनको पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों के माध्यम से कैसे उनको एक नया राह दिखाएं। इस उद्देश्य के साथ संकुल निकुम में विभिन्न स्कूलों के माध्यम से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

समर कैंप के आयोजन के लिए प्राचार्य एक के पांडेय व संकुल समन्वयक संजय चंद्राकर व प्रधान पाठकों के सहयोग से चार जोन में बांटा गया। जिसमें संकुल निकुम में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी व अंग्रेजी स्कूल में जी एल बंजारे व अन्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में सेजस निकुम में योग, जुंबा डांस, ड्राइंग, बुके निर्माण ,तोरण निर्माण ,स्पोकन इंग्लिश, स्टोन आर्ट , लिप आर्ट, लेडी फिंगरप्रिंट आदि के माध्यम से बच्चों को काफी रोचक गतिविधि कराई गई। जिसमें बच्चे लोग काफी उत्साह पूर्वक भाग लेकर उसको बनाया। इसी प्रकार शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय निकुम में प्राथमिक शाला निकुम व माध्यमिक के द्वारा श्रीमती रीना भट्टाचार्य प्रधानपाठिका व शिक्षक के माध्यम से समर कैंप में खेल के रूप में क्रिकेट, कैरम ,बैडमिंटन, ड्राइंग, ज्यामिति आकृति निर्माण ,स्पोकन इंग्लिश, योग के माध्यम से गतिविधि करवाए गए इसी प्रकार प्राथमिक शाला निकुमभाठा में भी रमा गजलेवर प्रधानपाठिका के माध्यम से श्रुति लेख ,लेखन कौशल, पठन कौशल पर फोकस किया गया जिसमें बच्चे उत्साह पूर्वक इसमें भी हिस्सा लिया। इसी प्रकार मासभाट प्राथमिक शाला स्कूल में दुष्यंत कुमार साहू प्रधान पाठक के मार्गदर्शन में ड्राइंग, गणित गतिविधि, रंगोली, व्यायाम आदि विषय पर फोकस किया गया। जीडी नगर निकुम में पूर्णिमा चंद्राकर प्रधान पाठक व टी इस्दा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के मार्गदर्शन में शिक्षकों के द्वारा योग, व्यायाम, वाद्य यंत्र के माध्यम से वादन ,गायन आदि पर विभिन्न गतिविधि कराया गया। वह डिजिटल रूप में भी सभी स्कूलों में बच्चों को जानकारी दी गई । इस तरह से 15 मई से प्रारंभ हुई समर कैंप में संकुल निकुम में 4 जोन में बांटकर सभी स्कूलों में समरकैम्प आयोजित किया जा रहा है। पालकों के सहयोग से विद्यार्थी भी गतिविधि में शामिल होकर लाभ ले रहे हैं। साथ ही संस्था प्रमुख व शिक्षकों के द्वारा गर्मी से बचने का उपाय वह लू से कैसे बचे ? पानी अधिक पीना है और चिड़ियों के पानी पीने के लिए भी साकर की व्यवस्था अपने-अपने घरों में जरूर करना है। यह विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए समरकैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

### वृद्ध ने लगाई फांसी

**भिलाई।** वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि जेपी नगर कैम्प-2 निवासी छगन साहू ने गुरुवार की शाम को कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा कर शव को मरचूरी पीएम के लिए भेज दिया।

## बड़े तालाब में ग्रामवासियों ने लगाया 25 फीट लंबा सरई



**बालोद।** ग्राम घीना के बड़े तालाब में प्राचीन समय से सरई लकड़ी का स्तंभ सुशोभित था। जो धीरे – धीरे ऊपर से टूट–टूट कर नष्ट हो गया। लम्बे समय के बाद जब तालाब की खुदाई की गई, वहाँ से लगभग 10 फीट लम्बा सरई लकड़ी का स्तंभ निकला है जो गांव वालों के लिए ऐतिहासिक हो गया।

सारा गांव इस पल को फिर से पुष्पित पल्लवित का निर्णय लेकर उसे फिर से स्थापित करने का मन बना लिया। तुरंत गांव में चंदा इकट्ठा करके तालाब के उस लकड़ी के स्तम्भ को नया रूप देने तैयार हो गए। अड़तालीस हजार रुपय का नया सरई लकड़ी का 25 फीट लम्बा स्तंभ, पूजा–पाठ करके पुनः स्थापित कर लिए। यह प्राचीन परंपरा का एक जबर्दस्त उदाहरण बन गया है। तालाब के मध्य स्थापित कर गांव को सुख समृद्धि की कामना किए। स्थापना के समय राजकुमार तारम, सुखी राम पटेल, डालचंद जैन, नरेंद्र निषाद, लक्ष्मण सिन्हा, डोमार सिन्हा, सोहन रावटे, शिव कुमार निषाद, ओमराज भुआर्य, शालु विश्कर्मा, अनिल तारम, प्रदीप सिन्हा, फकीर तारम, प्रिंसपाल चोरिया व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। यह जानकारी रूपसिंह रावटे ने दी।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है




| Balod To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp



स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411